# क्रेडिट कार्ड की शर्तें


| | | |
|---|---|---|
| 1 | आपके लिए सही उत्पाद का चयन करना | 2 |
| 2 | क्रेडिट कार्ड्स | 2 |
| 3 | क्रेडिट सीमा | 4 |
| 4 | कैश एड्वांस | 5 |
| 5 | बैलेंस ट्रांसफर | 5 |
| 6 | ब्याज, शुल्क और प्रभार | 6 |
| 7 | देयता | 6 |
| 8 | आपके खाते के लिए अतिरिक्त सेवाएँ | 8 |
| 9 | भुगतान | 9 |
| 10 | विदेशी लेनदेन | 11 |
| 11 | निरस्तीकरण और निलंबन | 12 |
| 12 | परिवर्तन | 13 |
| 13 | संदिग्ध लेनदेन | 14 |
| 14 | कार्ड्स का नवीनीकरण और बदली करना | 14 |
| 15 | यदि आप विदेशी नागरिक हैं | 15 |
| 16 | शब्दों के अर्थ | 15 |

**महत्वपूर्ण सूचना**

आपको यह दस्तावेज पढ़ना चाहिए. इसमें विशिष्ट नियम और शर्तें दी गई हैं जिनके आधार पर आप क्रेडिट कार्ड उत्पाद प्रदान किए जाने के लिए तैयार हैं. आपको इसे हमारी ग्राहक शर्तों, उत्पाद ब्रोशर और हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट का निर्माण करनेवाले अन्य दस्तावेजों के साथ पढ़ा जाना चाहिए. इन शर्तों और हमारे ग्राहक की शर्तों के बीच कोई भेद होने पर ये शर्तें मान्य होंगी. ये शर्तें उस सीमा तक हमसे लिए गए किसी मौजूदा क्रेडिट कार्ड उत्पादों के लिए उस सीमा तक लागू नहीं होंगी कि वे अलग नियमों व शर्तों के अधीन हैं.

**प्रमुख शब्द**

इस तरह से छपे मुख्य शर्तों और हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट में प्रयुक्त अन्य शब्दों को हमारे ग्राहक की शर्तों में समजाया गया है. कुछ अतिरिक्त प्रमुख शब्द जो उत्पादों के लिए प्रयुक्त किए गए हैं और इन शर्तों के संदर्भ में हैं उन्हें इन शर्तों के अंत में समझाया गया है.

## 1 आपके लिए सही उत्पाद का चयन करना

हम आपकी व्यक्तिगत बैंकिंग ज़रूरतों के अनुसार डिजाइन किए गए क्रेडिट कार्ड की अनेक किस्में प्रदान करते हैं. हमारे द्वारा प्रदान किए जानेवाले क्रेडिट कार्डों के विशिष्ट प्रकार उत्पाद ब्रोशर में दिए गए हैं. यदि आप किसी क्रेडिट कार्ड की खूबियों या किन्हीं शर्तों के बारे में हमसे कुछ समझना चाहते हैं तो कृपया हमसे संपर्क करें.

## 2. क्रेडिट कार्ड्स

### क्रेडिट कार्ड्स जारी करना

2.1 हम आपको और आपके निवेदन के अनुसार हर सप्लीमेंटरी कार्डधारक को क्रेडिट कार्ड जारी कर सकते हैं.

2.2 कृपया ध्यान दें कि सप्लीमेंटरी क्रेडिट कार्ड सिर्फ एक कार्ड पर जारी नहीं किया जाएगा.

### कलेक्शन

2.3 हम हमें सूचित किए गए आपके पते पर क्रेडिट कार्ड (और कोई रिप्लेसमेंट क्रेडिट कार्ड) भेजते हैं.

### क्रियान्वयन की प्रक्रियाएँ

2.4 हर कार्ड धारक को समय समय पर सूचित की गई क्रियान्वयन की प्रक्रियाओं का अनुपालन करना चाहिए.

standard chartered

हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट की शर्तें जो क्रेडिट कार्ड के हर उपयोग के लिए लागू हैं. यदि कार्डधारक उन शर्तों से सहमत नहीं है तो उन्हें क्रेडिट कार्ड पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहिए या कोई ट्रांजैक्शन नहीं करना चाहिए.

**क्रेडिट कार्ड का उपयोग करना**

2.5 जब आप क्रेडिट कार्ड का पहली बार उपयोग करते हैं तब आप हमारी बैंकिंग की शर्तों को स्वीकार करते हैं.

2.6 आपको अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि जिस व्यक्ति को क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है, वही उसका उपयोग करे. क्रेडिट कार्ड का उपयोग विनियामक दिशानिर्देशों, नियमों व शर्तों तथा बैंक की लागू नीतियों के अनुसार किया जा रहा है, यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से बैंक को क्रेडिट कार्ड पर समय समय पर नियंत्रण रखा जाएगा ताकि पहचाना जा सके कि क्या एक स्टेटमेंट सायकल में स्वीकृत राशि से आगे जाकर क्रेडिट सीमा का अत्यधिक उपयोग, असामान्य या अत्यधिक उपयोग कुछ चुनिंदा मर्चंट्स के यहां हो रहा है, संभवत: मर्चंट्स के साथ साठगांठ करके और/या गैर व्यक्तिगत/व्यवसाय संबंधी आवश्यकताओं के लिए तो नहीं किया जा रहा है, अकारण रिवॉर्ड पॉइंट्स जुटाने/ कैश बैक/ अन्य लाभ पाने के लिए खूबियों/ ऑफर्स/ प्रोग्राम का उपयोग/ दुरूपयोग तो नहीं किया जा रहा है. उपयोग की पद्धतियों के आधार पर, यदि बैंक को इनमें से किसी का संदेह होता है तो बैंक क्रेडिट कार्ड पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर सकता है. ऐसी कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की जा सकती है और इसमें शामिल हो सकता है खूबियों/ फायदों को वापस लेना तथा क्रेडिट का पूरी तरह से निरस्तीकरण करना लेकिन जो यहीं तक सीमित नहीं है. यदि बैंक द्वारा ऐसी कोई कार्रवाई की जाती है तो क्रेडिट कार्ड तथा बैंक द्वारा उपयुक्त समझे जा सकनेवाले संलग्न फायदों/ खूबियों को पुन:स्थापित करने के लिए प्रामाणिक उपयोग का संतोषजनक प्रमाण देने की जिम्मेदारी ग्राहक की होगी. इस संबंध में बैंक का निर्णय ग्राहकों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा. ऐसी स्थिति में, कार्डधारक को खाते में कुल बकाया शेषराशि स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक को तुरंत अदा करना चाहिए (किसी दोष या कानून द्वारा आवश्यक अन्य सूचना के अधीन). इसमें एग्रीमेंट के तहत बैंक को देय सारी राशियाँ शामिल हैं, जिसमें सभी ट्रांजैक्शन्स और अन्य राशियाँ शामिल हैं जिन्हें खाते से वसूल नहीं किया गया है. कार्ड को तब तक समाप्त नहीं माना जाएगा जब तक कि कार्डधारक ऐसी सारी नियत राशियों का भुगतान न कर दे.

**सप्लीमेंटरी कार्ड्स**

2.7 हम कोई भी सप्लीमेंटरी कार्ड्स, उनका पिन/पासवर्ड्स और सभी संबंधित पत्राचार आपको भेजते हैं.

2.8 हम आपको या किसी भी सप्लीमेंटरी कार्डधारक को कोई सूचना देते हैं तो उसे आप सभी को दिया गया माना जाता है.

2.9 आप और हर सप्लीमेंटरी कार्डधारक हममें से किसी के भी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के लि सहमत हैं.

**को-ब्रांड कार्ड्स**

2.10 हम किसी भी को-ब्रांड कार्ड को किसी अन्य प्रकार के क्रेडिट कार्ड में रूपांतरित कर सकते हैं.

2.11 हम किसी व्यावसायिक सहयोगी पार्टनर द्वारा किए गए किसी भी प्रस्तुतिकरणों, प्रमोशन्स या बाध्यताओं के लिए जिम्मेदार नहीं हैं.

**विशेष प्रबंध द्वारा जारी कार्ड**

2.12 यदि किसी असोसिएशन के साथ विशेष प्रबंध के हिस्से के रूप में क्रेडिट कार्ड जारी किया जाता है तो हम:

- असोसिएशन को हमारे बैंकिंग समझौते के संबंध में जानकारी प्रकट कर सकते हैं; और
- यदि आप हमारा बैंक एग्रीमेंट समाप्त कर देते हैं तो असोसिएशन के साथ आपका रिश्ता भी समाप्त हो जाएगा. अधिक जानकारी के लिए अनुच्छेद 11.3 देखें.

## 3 क्रेडिट सीमा

3.1 जब आपका आवेदन स्वीकृत हो जाता है तब हम आपको क्रेडिट सीमा की सूचना देंगे. हम किसी भी समय क्रेडिट सीमा बदल सकते हैं. तथापि, आपकी क्रेडिट सीमा को सिर्फ आपकी सहमति से ही बढ़ाया जाएगा. हम क्रेडिट सीमा बदलते समय किसी उत्पाद के संबंध में हमें दी गई नवीनतम आय जानकारी पर विचार कर सकते हैं.

3.2 क्रेडिट सीमा आपको जारी किए गए सभी क्रेडिट कार्ड्स के लिए लागू कुल सीमा है. यदि आप कहते हैं तो हम एक विशिष्ट क्रेडिट कार्ड की कुल सीमा से कमतर सीमा के लिए प्रबंध करने के लिए सहमत हो सकते हैं.

**आपकी क्रेडिट सीमा पार करना**

3.3 यह सुनिश्चित करना आपका दायित्व है कि क्रेडिट सीमा पार न हो.

3.4 क्रेडिट सीमा पार हुई है या नहीं, इसकी गणना करते समय हम इन बातों को ध्यान में ले सकते हैं:

- क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किया गया कोई भी व्यवहार लेकिन जो किसी क्रेडिट कार्ड के लिए खाते से डेबिट नहीं किया गया है; और
- क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके प्रस्तावित व्यवहार के संबंध में तीसरे पक्ष को दिया गया कोई प्राधिकार.

**क्रेडिट सीमा पार होना**

3.5 यदि आप क्रेडिट सीमा को पार करते हैं या कोई अस्थायी क्रेडिट सीमा विस्तार समाप्त हो चुका है तो आपको हमें क्रेडिट कार्ड के लिए खाते से देय बैलेंस के उस हिस्से का भुगतान हमें तुरंत करना चाहिए जो हमारे लिए आवश्यक किसी भुगतान के अलावा क्रेडिट सीमा को पार करता है.

## 4 कैश एड्वांस

**कैश एड्वांस कैसे प्राप्त करें**

4.1 आप हमारी किसी भी शाखा, कार्ड असोसिएशन का लोगो प्रदर्शित करनेवाले अन्य वित्तीय संस्थान पर अपने क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके कैश एड्वांस प्राप्त कर सकते हैं.

**कैश एड्वांस पर अधिकतम सीमा**

4.1 कैश एड्वांस सिर्फ व्यक्ति द्वारा प्रदान की गई एड्वांस की अनुमत अधिकतम राशि तक उपलब्ध है. हमारे द्वारा अनुमत अधिकतम राशि के विवरणों के लिए हमसे संपर्क करें.

## 5 बैलेंस ट्रांसफर

5.1 यदि आप कहते हैं तो हम बैलेंस ट्रांसफर की अनुमति दे सकते हैं जो हमारे द्वारा निर्दिष्ट किन्हीं शर्तों के अधीन है.

5.2 आपको उस खाते में कोई आवश्यक भुगतान जारी रखने चाहिए जिससे आप बैलेंस ट्रांसफर करते हैं जब तक कि हम पुष्टि न कर दें कि खाते में राशि जमा की जा चुकी है. हम किसी भी बकाया भुगतान या खाते के संबंध में उपजे ब्याज के लिए जिम्मेदार नहीं हैं जिससे आपने बैलेंस ट्रांसफर किया है.

## 6 ब्याज, शुल्क और प्रभार

6.1 ब्याज, शुल्क और प्रभार (फायनांस प्रभार, कैश एड्वांस शुल्क, ओवरलिमिट फीस, वार्षिक फीस और प्रशासनिक फीस सहित) टैरिफ शीट में दिए गए हैं.

6.2 जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न किया जाय, ब्याज की गणना वर्ष के 365 दिनों के आधार पर की जाती है (लीप वर्ष के मामले में 366 दिन वाला वर्ष) और उसे मासिक आधार पर चक्रवृद्धि किया जाता है या ऐसा कोई अन्य आधार जिसे हम चुनते हैं.

6.3 ब्याज उस दिनांक तक लिया जाता है जब तक शेष राशि का पूरा भुगतान नहीं कर दिया जाता.

6.4 आपको सभी शुल्कों का भुगतान करना होगा जैसे कि डेब्ट कलेक्शन फीस जो हम क्रेडिट कार्ड की मांग करने के संबंध में खर्च करते हैं.

## 7 देयता

### सामान्य

7.1 आप इन पहलुओं के लिए जिम्मेदार हैं:

- आप या किसी कार्डधारक द्वारा हमारे बैंकिंग के एग्रीमेंट की शर्तों का अनुपालन करने में विफल रहना;
- किसी विवाद या विवादित लेनदेन के अलावा आप द्वारा किए गए दावे के बावजूद क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किए गए सभी लेनदेन जहाँ आप या किसी भी कार्डधारक द्वारा हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट की शर्तों का पालन करने में कोई विफलता साबित होती है;
- किसी विवाद या किसी विवादित लेनदेन के अलावा आप द्वारा किए गए दावे के बावजूद क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किए गए सभी लेनदेन जहाँ आप ग्राहक शर्तों के अनुच्छेद १७ के अनुसार अन्यथा साबित करते हैं;
- क्रेडिट कार्ड के लिए खाते में देय बैलेंस राशि (जिसमें शामिल हैं किसी सप्लीमेंटरी कार्डधारक द्वारा क्रेडिट कार्ड के लिए खाते में सभी डेबिट की गई और जमा की गई राशियाँ); और
- कोई लेनदेन जहाँ हम अन्यथा चार्जबैक अधिकारों का उपयोग कर सकते हैं यदि आप हमें लेनदेन की सूचना नहीं देते और आवश्यक समयावधि में हमारे द्वारा मांगे गए किन्हीं अन्य दस्तावेजों या जानकारी को प्रदान नहीं करते.

**आप और सप्लीमेंटरी कार्डधारकों के बीच विवाद**

7.2 आप और हर सप्लीमेंटरी कार्डधारक से संबंधित हमारे अधिकार और बाध्यताएँ आप और आपके सप्लीमेंटरी कार्डधारक द्वारा एक दूसरे के खिलाफ किसी विवाद या दावे द्वारा प्रभावित नहीं हों.

**वस्तुओं या सेवाओं की खरीदारी**

7.3 हम इन बातों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं:

- क्रेडिट कार्ड स्वीकार करने से किसी मर्चंट, वित्तीय संस्थान या अन्य व्यक्ति द्वारा इनकार किया जाना; और
- किसी मर्चंट, वित्तीय संस्थान या अन्य व्यक्ति द्वारा आपको प्रदान की गई वस्तुओं या सेवाओं में कोई दोष या कमी.

किसी भी मर्चंट, वित्तीय संस्थान या अन्य व्यक्ति के विरुद्ध किसी भी शिकायत का समाधान आपको करना चाहिए और उनके विरुद्ध किसी भी दावे की क्षतिपूर्ति हमारे द्वारा नहीं की जा सकती.

**क्रेडिट कार्ड्स के साथ प्रदान की जानेवाली तीसरे पक्ष की सेवाएँ**

7.4 कुछ प्रकार के क्रेडिट कार्ड्स आपको तीसरे पक्षों द्वारा प्रदान और भुगतानित की जानेवाली सेवाओं तक पहुँच प्रदान करते हैं. उदाहरण के लिए, यदि आपके पास विसा गोल्ड कार्ड या विसा प्लैटिनम कार्ड है तो आपको इंटरनेशनल इमरजेंसी असिस्टेंस सर्विस तक पहुँच मिल सकती है. आप इन तृतीय पक्षों की सेवाओं के अंतर्गत प्रदान की गई किन्हीं मेडिकल, कानूनी या अन्य सेवाओं की लागत के लिए जिम्मेदार हैं. आप पुष्टि करते हैं कि तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता कार्डधारकों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए अपना श्रेष्ठ प्रयास करते हैं और यह कि सेवाएँ शायद हमेशा उपलब्ध न हों (उदाहरण के लिए, समय, दूरी या स्थान के कारण). न तो हम न ही तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता, या उपरोक्त मामले में, विसा इंटरनेशनल सर्विस असोसिएशन किसी सेवा या उसकी अनुपलब्धता के संबंध में किसी हानि के लिए आपके प्रति जवाबदेह है.

7.5 हम क्रेडिट कार्ड के संबंध में हमारे द्वारा प्रदान की जानेवाली इमरजेंसी कैश विड्रॉवल, रिप्लेसमेंट कार्ड या किसी अन्य सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से दे पाने में यदि अक्षम रहते हैं तो उनके द्वारा सही जानेवाली किसी भी हानि के लिए इमरजेंसी कैश विड्रॉवल तक पहुँच के लिए हम क्रेडिट कार्ड धारक के प्रति जिम्मेदार नहीं हैं.

ग्राहक की शर्तों में शामिल है हमारे प्रति आपकी देयता से संबंधित अतिरिक्त प्रावधान और हमारी देयता पर अपवर्जन या मर्यादाएँ. उदाहरण के लिए देखें, ''आप हमें क्षतिमुक्त करते हैं'' और ''देयता का अपवर्जन''.

## 8. आपके खाते के लिए अतिरिक्त सेवाएँ

8.1 हम आपके खाते के लिए अतिरिक्त सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं. इनमें रिवॉर्ड प्रोग्राम, बैलेंस ट्रांसफर स्कीमों, भुगतान प्रबंधों, कार्ड सुरक्षा और किन्हीं अन्य सेवाओं या अन्यथा जो समय समय पर उपलब्ध हों, उनका समावेश हो सकता है. आप हमसे संपर्क करके उपलब्ध सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

8.2 यदि आप अतिरिक्त सेवाओं के लिए साइन अप करते हैं तो आप अतिरिक्त सेवाओं की शर्तों द्वारा बाध्य हैं. अतिरिक्त सेवाओं की शर्तों और हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट के बीच किसी भेद के मामले में हमारा बैंकिंग एग्रीमेंट वरेण्य होगा जब तक कि अतिरिक्त सेवाओं की शर्तों में अन्यथा कोई उल्लेख न हो.

8.3 हम आवेदन करने पर आपके मौजूदा क्रेडिट कार्ड को नए क्रेडिट कार्ड में अपग्रेड कर सकते हैं. निम्नलिखित शर्तें नए क्रेडिट कार्ड को अपग्रेड करने के लिए विशेषकर लागू होंगी.

8.3.1 आपको नया (अपग्रेडेड) क्रेडिट कार्ड उसके लिए सफल आवेदन से 2 कार्य दिनों के अंदर शुरू किया जाएगा.

8.3.2 आपका मौजूदा क्रेडिट कार्ड नए क्रेडिट कार्ड के शुरू होने के बाद 35 दिनों तक के लिए क्रियाशील रहेगा, जिसके बाद मौजूदा क्रेडिट कार्ड सभी लेनदेनों के लिए निष्क्रिय और रद्द कर दिया जाएगा.

8.3.3 आपके मौजूदा क्रेडिट कार्ड के लिए स्टेटमेंट तब तक निर्मित होना जारी रहेगा जब तक कि उस क्रेडिट कार्ड पर सभी बकाया शेषराशि पूरी तरह से चुका नहीं दी जाती है, भले यह 35 दिनों के आगे ही क्यों न चला जाय. आपको निर्मित कथन के अनुसार मौजूदा क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि का भुगतान करना होगा.

8.3.4 प्राथमिक और सप्लीमेंट्री कार्ड समान कार्ड टाइप के हैं और सप्लीमेंट्री कार्ड सक्रिय है तो सप्लीमेंट्री कार्ड को भी अपने आप ही उन्नत कर दिया जाएगा. कार्ड को ईज़माय ट्रिप क्रेडिट कार्ड या रिवॉर्ड्ज़ क्रेडिट कार्ड में अपग्रेड करने के मामले में एमआईटीसी के अनुसार सप्लीमेंट्री कार्डधारक से वार्षिक शुल्क लिया जाएगा.

8.3.5 नए क्रेडिट कार्ड के लिए स्टेटमेंट जनरेशन और भुगतान की नियत तिथि अपग्रेडेड क्रेडिट कार्ड वेरिएंट के आधार पर भिन्न हो सकती है.

8.3.6 मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट <u>३५ दिनों के भीतर</u> स्वचालित रूप से नए क्रेडिट कार्ड में स्थानांतरित हो जाएंगे. हालाँकि, जहाँ नया अपग्रेडेड क्रेडिट कार्ड डिजीस्मार्ट क्रेडिट कार्ड, ईज़माईट्रिप क्रेडिट कार्ड, अल्टीमेट क्रेडिट कार्ड या स्मार्ट क्रेडिट कार्ड है, वहाँ मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर अर्जित रिवॉर्ड पॉइंट आपको रिवॉर्ड ३६० पोर्टल पर नए कार्ड जारी होने के ३५ दिनों के भीतर भुनाने होंगे और ये रिवॉर्ड पॉइंट नए अपग्रेडेड क्रेडिट कार्ड में स्थानांतरित

नहीं होंगे. मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर अर्जित कैशबैक (यदि लागू हो) आपको रिवॉर्ड ३६० पोर्टल से ३५ दिनों के भीतर भुनाना होगा और उसे नए क्रेडिट कार्ड में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा.

8.3.7 मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर स्थापित सभी ऋण खाते (ईएमआई और कार्ड पर ऋण) सक्रिय बने रहेंगे और आपको स्टेटमेंट जनरेट के अनुसार बकाया राशि के विरुद्ध भुगतान करना होगा.

8.3.9 मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर क्रेडिट कार्ड चुकौती के निर्देशों (एसआई/एनएसीएच) को नए क्रेडिट कार्ड पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा.

8.3.9 मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर सभी बिल भुगतान निर्देश (बिलर पेमेंट्स जैसे कि युटिलिटी बिल, टेलीकॉम बिल्स इ.) सेटअप को नए क्रेडिट कार्ड पर ट्रांसफर नहीं किया जाएगा. आपको नए क्रेडिट कार्ड पर सभी बिलर्स को पुन:रजिस्टर करना होगा.

## 9. भुगतान

### नियत दिनांक तक भुगतान

9.1 स्टेट में निर्दिष्ट नियत दिनांक पर या पहले हम आपको क्रेडिट कार्ड जारी करते हैं, आपको स्टेटमेंट में दिए अनुसार न्यूनतम भुगतान अदा करना होगा.

9.2 यदि आप अपने आवधिक स्टेटमेंट को किसी कारणवश प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो भी आपकी देयता हमारे साथ कायम रहेगी.

### न्यूनतम भुगतान की गणना

9.3 हम अपनी सामान्य पद्धति के अनुसार न्यूनतम भुगतान की गणना करते हैं. कृपया अपना स्टेटमेंट देखें या अधिक जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें.

### ट्रांजैक्शन्स की करेंसी

9.4 अनुच्छेद 10.1 के अधीन, यदि क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किया गया कोई ट्रांजैक्शन भारतीय रुपयों में मूल्यांकित नहीं है तो हम लेनदेन की राशि को अपनी सामान्य पद्धति तथा हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट के अनुसार भारतीय रुपयों में रूपांतरित करते हैं.

### हम भुगतानों को कैसे लागू करते हैं

9.4 हम मिलनेवाले भुगतानों को इनका भुगतान करने के लिए लागू कर सकते हैं (लेकिन जरूरी नहीं है):

- किसी स्टेटमेंट पर दिखाया गया शुल्क, प्रभार और ब्याज; और
- स्टेटमेंट पर दिखाया गया कोई भी कैश बैलेंस; और
- स्टेटमेंट पर दिखाया गया कोई अन्य बैलेंस; और
- स्टेटमेंट में प्रदर्शित नहीं किया गया कोई कैश ट्रांसजैक्शन; और
- स्टेटमेंट में नहीं दिखाया अकाउंट का कोई अन्य ट्रांजैक्शन.

### यदि आप भुगतान नहीं करते हैं तो क्या होगा

9.6 यदि हमें क्रेडिट कार्ड के लिए खाते से देय बैलेंस नियत दिनांक पर या पहले प्राप्त नहीं होता है तो हम क्रेडिट कार्ड फायनांस शुल्क के लिए खाते से वसूल और डेबिट कर सकते हैं जैसा कि टैरिफ शीट में निर्धारित किया गया है या हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट में अन्यत्र वर्णित है.

9.7 यदि हमें नियत दिनांक पर या पहले न्यूनतम भुगतान नहीं मिलता है:

- आपको टैरिफ शीट या हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट में अन्यत्र निर्धारित किए अनुसार विलंब भुगतान शुल्क अदा करना चाहिए;
- जब तक न्यूनतम भुगतान अदा न कर दिया जाय तब आपको क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं करना चाहिए;
- हम आपके क्रेडिट कार्ड उपयोग निलंबित कर सकते हैं.

### यदि हम कहते हैं तो संपूर्ण भुगतान करना

9.8 हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट की किसी अन्य शर्त के बावजूद किसी भी समय हम देय किसी भी राशि का भुगतान तुरंत करने की मांग कर सकते हैं, जो चाहे किसी स्टेटमेंट में पहले से प्रदर्शित हो या न हो और जो मांग के दिनांक के अनुसार नियत और देय हो चाहे न हो.

9.9 अनुच्छेद 9.8 में संदर्भित राशियों पर ब्याज देय होता है और उसकी गणना उसी तरह से होती है जैसे आपके खाते पर कैश एड्वांसेस पर की जाती है और उसके आधार पर यह प्रतिदिन उपार्जित होता है, जिसका आरंभ हमारी मांग के दिनांक से होता है और संपूर्ण भुगतान किए जाने के दिनांक पर खत्म होता है.

standard chartered

### क्रेडिट कार्ड खाते में धनवापसी

9.10 हम केवल इन संबंधों में क्रेडिट कार्ड के लिए खाते में धनवापसी जमा करते हैं:

- क्रेडिट कार्ड से किया गया ट्रांजेक्शन; या
- क्रेडिट कार्ड के लिए किया गया कोई भुगतान; या
- आप पर बकाया कोई अन्य क्रेडिट,

जब हमें भारत में जमा की गई राशि मिलती है और हमारी सामान्य पद्धति के अनुसार होती है.

### स्टेटमेंट

9.11 यदि आपको लगता है कि आपके स्टेटमेंट में कोई गलती है तो आपको स्टेटमेंट के दिनांक के बाद २१ दिनों के अंदर गलती के विवरण के साथ हमें सूचित करना चाहिए. यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो हम स्टेटमेंट को सही समझेंगे.

9.12 हम आपके क्रेडिट कार्ड के लिए कोई स्टेटमेंट जारी नहीं करेंगे यदि:

- पिछले स्टेटमेंट के बाद आपके क्रेडिट कार्ड के लिए खाते पर कोई लेनदेन दर्ज नहीं हुआ है; और
- आपके क्रेडिट कार्ड के लिए खाते में क्रेडिट बैलेंस 250 रुपए से कम है या वर्तमान स्टेटमेंट के दिनांक पर रुपए 100 से कम का डेबिट बैलेंस है.

## 10 विदेशी लेनदेन

10.1 यदि आप नेपाल या भूटान में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं तो आप केवल स्थानीय मुद्राओं या रुपयों में मूल्यांकित ट्रांजैक्शन्स के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं, न कि किसी विदेशी मुद्रा में.

10.2 यदि आप विदेश में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं और आप विदेशी मुद्रा पात्रता को पार कर जाते हैं तो आपको दावा की गई राशि का पुनर्भुगतान करना चाहिए. हम इसकी सूचना एक्सचेंज कंट्रोल डिपार्टमेंट को दे सकते हैं.

10.3 स्टैंडर्ड चार्टर्ड संबंधित विनियामक प्राधिकारणों द्वारा लगाए गए आर्थिक निर्बंधों का पालन करने के लिए वचनबद्ध है. हम अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपयोग उन देशों में करने की अनुमति नहीं देते हैं जिन पर ऐसा निर्बंध लगाए गए हों, और हम उन ट्रांजैक्शन्स की प्रक्रिया नहीं करेंगे जिनमें ये देश शामिल हों.

कृपया ध्यान दें कि आप फोन बैंकिंग, फैसिमिल ट्रांसमिशन, या ईमेल के जरिए हमसे संपर्क नहीं कर सकेंगे या हमारी वेबसाइट और ऑनलाइन बैंकिंग ऐक्सेस नहीं कर सकेंगे, और यदि आप इन देशों में हैं तो हम आपको वित्तीय सेवाएँ प्रदान नहीं कर सकेंगे. हम उस भुगतान या व्यापारिक लेनदेनों की भी प्रक्रिया नहीं करेंगे जिनमें ये देश शामिल हों. कृपया आर्थिक निर्बंध लगाए गए देशों की वर्तमान सूची के लिए हमारी वेबसाइट **https://www.sc.com** देखें.

## 11 निरस्तीकरण और निलंबन

### निलंबन कैसे करें

11.1 किसी भी समय हम यह निर्णय ले सकते हैं:

- आपका क्रेडिट कार्ड उपयोग करने का अधिकार निरस्त या निलंबित करना या क्रेडिट कार्ड के लिए अकाउंट खत्म करना;
- किसी ट्रांजैक्शन के लिए प्राधिकार से इनकार करना जिसके लिए आप क्रेडिट कार्ड का उपयोग करना चाहते हैं; और
- क्रेडिट कार्ड दोबारा जारी, रिन्यू या बदलने से इनकार करना.

ऐसे करने के लिए हमें आपको कोई पूर्व सूचना या कारण देने की आवश्यकता नहीं है. फिर भी, हम आपको हमारे द्वारा की जानेवाली किसी कार्रवाई की सूचना देते हैं.

11.2 किसी समय, हमें लिखित रूप में सूचना देकर क्रेडिट कार्ड के लिए खाते को खत्म कर सकते हैं.

### यदि अकाउंट निरस्त हे जाता है तो क्या होगा

11.3 यदि आप या हम क्रेडिट कार्ड के लिए खाते को खत्म कर देते हैं:

- आप और कोई भी सप्लीमेंटरी कार्डधारक क्रेडिट कार्ड (सप्लीमेंटरी कार्ड सहित) या क्रेडिट कार्ड के संबंध में किन्हीं फायदों (सप्लीमेंटरी कार्ड सहित) का उपयोग नहीं करेगा और उसे इसका अधिकार नहीं होगा;
- आप और कोई भी सप्लीमेंटरी कार्डधारक को क्रेडिट कार्ड को (हर सप्लीमेंटरी कार्ड सहित) को आधा काट देना चाहिए ताकि मैग्नेटिक पट्टी और होलोग्राम समूचे न रहें; और
- आपको तुरंत क्रेडिट कार्ड (किसी सप्लीमेंटरी कार्ड सहित) के संबंध में हमें देय सभी राशियों का भुगतान कर देना चाहिए जिसमें क्रेडिट कार्ड के लिए देय बैलेंस शामिल है).

- ऐसी राशियों पर ब्याज देय होता है और उसकी गणना उसी तरह से होती है जैसे आपके खाते पर कैश एड्वांसेस पर की जाती है और उसके आधार पर यह प्रतिदिन उपार्जित होता है, जिसका आरंभ हमारी मांग के दिनांक से होता है और संपूर्ण भुगतान किए जाने के दिनांक पर खत्म होता है.

कार्डधारक द्वारा सप्लीमेंटरी कार्ड का उपयोग निरस्त करना

11.4 आप या सप्लीमेंटरी कार्डधारक सप्लीमेंटरी कार्ड के उपयोग को इस तरह से खत्म कर सकते हैं:

- हमें लिखित रूप में सूचित करके; और
- सप्लीमेंटरी कार्ड को आधे में काटकर ताकि मैग्नेटिक पट्टी और होलोग्राम समूचा न रहे और कार्ड हमें लौटा दें.
- क्रेडिट कार्ड दोबारा जारी, रिन्यू या बदलने से इनकार करना.

ऐसे करने के लिए हमें आपको कोई पूर्व सूचना या कारण देने की आवश्यकता नहीं है. फिर भी, हम आपको हमारे द्वारा की जानेवाली किसी कार्रवाई की सूचना देते हैं.

15.5 यदि सप्लीमेंटरी कार्ड हमें नहीं लौटाया जाता है तो हम खोए हुए कार्ड्स के लिए लागू अपनी प्रक्रियाओं के अनुसार तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं ताकि सप्लीमेंटरी कार्ड का आगे उपयोग करने से रोका जा सके. आप सप्लीमेंटरी कार्ड का उपयोग करके किसी लेनदेन के लिए तब तक जिम्मेदार होंगे जब तक कि उसे लौटाया नहीं जाता है या जब तक हम उन प्रक्रियाओं को लागू नहीं करते जो खोए हुए कार्ड्स के लिए लागू होते हैं. हम ऐसी प्रक्रियाओं को लागू करने से उपजे किन्हीं प्रभारों को लगा सकते हैं.

**स्थायी निर्देश**

11.6 यदि आप क्रेडिट कार्ड के लिए खाते को खत्म कर देते हैं तो क्रेडिय कार्ड पर किसी भी स्थायी निर्देश को रद्द करने की जिम्मेदारी आपकी है.

## 12 परिवर्तन

12.1 यदि आप हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट में किए जानेवाले किसी बदलाव के साथ सहज नहीं हैं तो आप अनुच्छेद 11 की प्रक्रिया के अनुसार क्रेडिट कार्ड के लिए खाते को निरस्त कर सकते हैं.

12.2 यदि किसी लागू कानून के अनुसार हम आपको हमारे बैंकिंग एग्रीमेंट में किसी बदलाव की सूचना देते हैं और क्रेडिट कार्ड अपने पास रखते हैं या क्रेडिट कार्ड के लिए खाते या पिन/पासवर्ड का उपयोग करते हैं तो आपको परिवर्तनों से सहमत माना जाता है.

12.3 हम क्रेडिट कार्ड के लिए आपके आवेदन के समय हमें दी गई जानकारी पर और क्रेडिट कार्ड के हर उपयोग पर हमें दी गई जानकारी पर विश्वास करते हैं. यह सही, पूर्ण होनी चाहिए और भ्रामक नहीं होनी चाहिए. यदि आपको ध्यान में आता है कि आप द्वारा हमें दी गई कोई जानकारी गलत या भ्रामक है तो आपको उसके बारे में हमें 30 कैलेंडर दिनों में सूचित करना चाहिए.

## 13 संदिग्ध लेनदेन

13.1 हमें संदिग्ध लेनदेनों का आदर नहीं करना चाहिए (और यदि ऐसा होता है तो आपको सूचित नहीं करना चाहिए).

13.2 हम चेतावनी बुलेटिन में क्रेडिट कार्ड के संबंध में मर्चंट्स को क्रेडिट कार्ड जब्त करने की सूचना देते हुए कोई जानकारी प्रकाशित कर सकते हैं. ऐसा करने के लिए हमें कारण बताने की कोई ज़रूरत नहीं है.

13.3 यदि हमें लगता है कि कोई क्रेडिट या धोखाधड़ी का जोखिम है तो हम क्रेडिट कार्ड के लिए खाते को ब्लॉक कर सकते हैं.

13.4 हम किसी भी समय आपके क्रेडिट कार्ड के लिए खाते को ब्लॉक कर सकते हैं (और बाद में ब्लॉक हटा सकते हैं), यदि किसी प्राधिकार के अनुसार हमारे लिए यह करना आवश्यक होता है या हमारे लिए कानून के अनुसार आवश्यक होता है या किसी विनियामक या किसी प्राधिकरण के साथ एग्रीमेंट के अनुसार ऐसा करना आवश्यक होता है या यदि हमें किसी लागू आदेश या प्राधिकरण के निर्बंधों से जुडी अंतर्गत नीतियों का पालन करने की ज़रूरत पड़ती है.

13.5 लागू स्थानीय कानूनों के अधीन, आप एतद्द्वारा स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक या उसके किसी सहयोगियों (शाखाओं सहित) (समग्रता से ''बैंक'') को देशी या विदेशी विनियामकों या कर प्राधिकरणों के साथ आपकी जानकारी साझा करने की सहमति देते हैं जहाँ आदेशों, विनियामकों या प्राधिकारियों के साथ एग्रीमेंट्स या अन्यथा के अनुसार आपकी कर देयता स्थापित करना आवश्यक हो.

## 14 कार्ड्स का नवीनीकरण और बदली करना

आप पुष्टि करते हैं कि आपने तब तक क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण और रिप्लेसमेंट के लिए स्थायी निवेदन किया है जब तक कि क्रेडिट कार्ड के लिए खाता समाप्त नहीं हो जाता. फिर भी, क्रेडिट कार्ड को नवीनीकृत या बदली करने का कोई भी निर्णय हमारी इच्छा पर निर्भर है.

## 15 यदि आप विदेशी नागरिक हैं

**यदि आप विदेशी नागरिक हैं और भारत को हमेशा के लिए छोड़ रहे हैं तो आपको:**

- ऐसा करने से पहले आपको हमें सूचना देनी चाहिए;
- क्रेडिट कार्ड के लिए आपके सभी खातों पर देय बैलेंस चुकता करना चाहिए; और
- क्रेडिट कार्ड के लिए आपके सभी खातों पर देय बैलेंस चुकता करना चाहिए; और

## 16 शब्दों के अर्थ

आपको हमारी ग्राहक संबंधी शर्तें भी देखनी चाहिए जो इन शर्तों में प्रयुक्त मुख्य शब्दों की भी व्याख्या करती है. इन शर्तों में दी गई परिभाषा क्रेडिट कार्ड्स के लिए खातों के प्रयोजनों के लिए लागू हैं.

बैलेंस ट्रांसफर का अर्थ है कोई ट्रांजैक्शन जहाँ हम आपके क्रेडिट कार्ड से वर्णित राशि को डेबिट करते हैं और अन्य वित्तीय संस्थान के अन्य क्रेडिट कार्ड को राशि का भुगतान करते हैं.

कैश एड्वांस को अर्थ है क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके प्राप्त की गई किसी भी मुद्रा में जारी किया गया नकद.

को-ब्रांड कार्ड यानी बिजनेस अलायंस पार्टनर के साथ हमारे द्वारा जारी कार्ड.

क्रेडिट लिमिट यानी, क्रेडिट कार्ड के किसी खाते के लिए अधिकतम राशि जो क्रेडिट कार्ड के अकाउंट में बकाया रखने के लिए आप पात्र हैं.

हमारा बैंकिंग एग्रीमेंट यानी आपके और हमारे बीच किया गया एग्रीमेंट जब हम आपसे आवेदन स्वीकार करते हैं, जिसकी शर्तों में शामिल हैं ग्राहक की शर्तें और ये शर्तें.

सप्लीमेंटरी कार्ड का अर्थ है, किसी क्रेडिट कार्ड खाते के लिए कोई अकाउंट, किसी व्यक्ति को जारी किया गया क्रेडिट कार्ड जिसे आप क्रेडिट कार्ड के लिए अपने खाते पर सप्लीमेंटरी कार्डधारक के रूप में अधिकृत करते हैं.

सप्लीमेंटरी कार्डधारक यानी वह हर व्यक्ति जिसे हम सप्लीमेंटरी कार्ड जारी करते हैं.